हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालय : 17, जमशेदजी टाटा रोड, मुंबई - 400020.
सीआईएन नं : L23201MH1952GOI00885

हमारे बारे में

हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) एक महारत्न केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र का उद्यम (सीपीएसई) है तथा एसएंडपी ग्लोबल प्लैटस की शीर्ष 250 ग्लोबल ऊर्जा कंपनियों में 54वें रैंकिंग पर है। पेट्रोलियम उत्पाद विपणन में 18% से अधिक हिस्सेदारी के साथ देश के डाउनस्ट्रीम हाइड्रोकार्बन सेक्टर में एचपीसीएल की मजबूत स्थिति है और अन्य ऊर्जा वर्टिकल्स तथा विभिन्न विदेशी भौगोलिक क्षेत्रों में भी व्यावसायिक पदचिन्ह मौजूद हैं। वर्ष 2019-20 में एचपीसीएल ने कर पश्चात् (पैट) 2,637 करोड़ रूपए का लाभ दर्ज किया।

एचपीसीएल की मुंबई और विशाखापत्तनम में अपनी स्वामित्व की रिफ़ाइनरियां है जिसका प्रचालन करता है। इसकी डिज़ाइन क्षमता क्रमशः 7.5 मिलिअन मेट्रिक टन प्रति वर्ष और 8.3 मिलिअन मेट्रिक टन प्रति वर्ष हैं। ल्यूब ऑयल बेस स्टॉक का उत्पादन करने के लिए मुंबई में एचपीसीएल स्वामित्व की 428 टीएमटीपीए क्षमतावाली राष्ट्र की सबसे बड़ी ल्यूब रिफ़ाइनरी है। एचपीसीएल की संयुक्त उद्यम कंपनी, एचपीसीएल-मित्तल एनर्जी लिमिटेड (एचएमईएल) में 48.99% की इक्विटी हिस्सेदारी है जो भटिंडा (पंजाब) में 11.3 एमएमटीपीए क्षमतावाली रिफाइनरी संचालित करती है और मैंगलोर रिफाइनरी एंड पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड (एमआरपीएल) में भी 16.96% की इक्विटी हिस्सेदारी है जो मैंगलोर (कर्नाटक) में 15 एमएमटीपीए क्षमतावाली रिफाइनरी संचालित करती है। एचपीसीएल के पास 3,775 किलो मीटर लंबी नेटवर्क के साथ भारत में दूसरी सबसे बड़ी पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन नेटवर्क है जो 70 डिपो, 41 टर्मिनलों, 50 एलपीजी बाटलिंग प्लांट्स, 44 एविएशन फ्यूल स्टेशनों, 6 ल्यूब ब्लेंडिंग प्लांट, 17,800 से अधिक रिटेल आउटलेटों, 245 ल्यूब वितरकों और 6,151 एलपीजी वितरकों के साथ एक विशाल विपणन नेटवर्क के माध्यम से पूरे देश में पेट्रोलियम उत्पादों की आपूर्ति करता है।

एचपीसीएल ऊर्जा के क्षेत्र में अपना कैरियर तलाशने वाले भारत के होनहार और इच्छुक नागरिकों को आमंत्रित करता है जो हमारी विकास यात्रा का हिस्सा बनकर भारत के ऊर्जा के भविष्य में अपना योगदान देने के लिए तैयार हैं। इच्छुक और अर्हता रखने वाले उम्मीदवार निम्न रिक्तियों के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

1. महत्वपूर्ण तारीखें :

ऑनलाइन आवेदन की शुरुआत : 3 मार्च 2021	ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तारीख : 15 अप्रैल 2021

2. पद, रिक्तियाँ, वेतन श्रेणी, आयु, शैक्षिक अर्हता

क्रम सं.	पद	रिक्तियाँ	वेतन श्रेणी	अधिकतम आयु	शैक्षिक अर्हता *	पीडब्ल्यबीडी अर्हता
1	मेकेनिकल इंजीनियर	120	ई 2	25	मेकेनिकल, मेकेनिकल एवं प्रोडक्शन	एलवी.डी.एचएच.ओए.बीए.ओएल. एलसी. डीडब्ल्यू.एएवी. एएसडी (एम). एसएलडी. एमआई.एमडी (उपरोक्त कोई संयोजन)
2	सिविल इंजीनियर	30	ई 2	25	सिविल	एलवी.डी.एचएच.ओए.बीए.ओएल. बीएल. डीडब्ल्यू.एएवी. एसएलडी. एमआई.एमडी (उपरोक्त कोई संयोजन)

क्रम सं.	पद	रिक्तियाँ	वेतन श्रेणी	अधिकतम आयु	शैक्षिक अर्हता *	पीडब्ल्यबीडी अर्हता
3	इलेक्ट्रिकल इंजीनियर	25	ई 2	25	इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रिकल एवं इलेक्ट्रानिक्स	डी.एचएच. ओएल. एलसी. डीडब्ल्यू.एएवी. एसएलडी. एमआई.एमडी (उपरोक्त कोई संयोजन)
4	इंस्ट्रूमेंटेशन इंजीनियर	25	ई 2	25	इंस्ट्रूमेंटेशन, इंस्ट्रूमेंटेशन और कंट्रोल, इलेक्ट्रानिक्स और इंस्ट्रूमेंटेशन, इंस्ट्रूमेंटेशन और इलेक्ट्रानिक्स इंस्ट्रूमेंटेशन और प्रोसेस कंट्रोल	डी.एचएच. ओएल.सीपी. एलसी. डीडब्ल्यू.एएवी एएसडी (एम). एसएलडी. एमआई.एमडी (उपरोक्त कोई संयोजन)

टिप्पणी :- प्रयुक्त किए गए संक्षिप्त नाम : बी=अंध, एलवी=कम नजर, डी=बहरा, एचएच=कम सुनाई देना, ओए=एक हाथ, ओएल=एक पैर, बीए=दोनों हाथ, बीएल=दोनों पैर, ओएएल=एक हाथ और एक पैर, बीएलओए=दोनों पैर और एक हाथ, बीएलए=दोनो पैर हाथ, सीपी=मष्तिष्क पक्षाघात, एलसी=कुष्ठ रोग ठीक, डीडब्ल्यू=बौनापन, एएवी=एसिड हमले से पीड़ित, एसएलडी=विशिष्ट सीखने की विकलांगता, एमडीवाय=मांसपेशियों में विकार, एएसडी=स्वलीनता स्पेक्ट्रम दोष (एम=मामूली, एमओडी=सामान्य), एमआई=मानसिक रोग, एमडी=अनेक तरह की अपंगता।

श्रेणी के अनुसार रिक्तियों का वर्गीकरण	अजा	अजजा	अपिजाएनसी	आर्थिक पिछड़ा वर्ग	अनारक्षित	कुल
	20	18	49	20	93	200

क) योग्यता एआईसीटीई से अनुमोदित / विवश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय / माने गए विश्वविद्यालय से अनारक्षित / अपिजाएनसी / आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों के लिए न्यूनतम 60% अंकों सहित और अजा/ अजजा / पीडब्ल्यूबीडी के लिए 50% अंकों सहित केवल उपर्युक्त वर्णित संबंधित स्ट्रीम में 4 वर्षों का पूर्णकालिक नियमित इंजीनीयरिंग का स्नातक पाठ्यक्रम पूरा किया होना चाहिए।

ख) जब कभी अर्हक डिग्री के लिए सीजीपीए / ओजीपीए या अक्षरों में ग्रेड दिया जाए तो विश्वविद्यालय / संस्थान द्वारा अपनाए गए मानदंडों के अनुसार आवेदन पत्र में अंकों का समतुल्य प्रतिशत इंगित करना चाहिए। विश्वविद्यालय / संस्थान से इस बारे में प्रमाण पत्र भी ले लें जो साक्षात्कार के लिए संक्षिप्त सूची बनाते समय आवश्यक होगा।

ग) अर्हक पाठ्यक्रम के अंतिम वर्ष / सेमेस्टर के विद्यार्थी भी आवेदन करने के पात्र हैं। अंतिम वर्ष के विद्यार्थी जिनके पास न्यूनतम अर्हक अंकों सहित अंतिम डिग्री नहीं है उन्हें बाद में दस्तावेजी प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने के अधीन अनंतिम रूप से आवेदन करने की अनुमति दी जाएगी। आवेदन के समय अपेक्षित कुल अंक वही होंगे जो संबंधित क्षेणी के लिए ऊपर दिए गए हैं।

3. संक्षिप्त सूची और चयन प्रक्रिया

क. चयन प्रक्रिया में विभिन्न चरण होंगें जैसे कम्प्यूटर आधारित परीक्षण, समूह कार्य, व्यक्तिगत साक्षात्कार आदि।

ख. सभी अर्हक कसौटियाँ पूरा करने का दावा करने वाले सभी उम्मीदवारों को कम्प्यूटर आधारित परीक्षण के लिए बुलाया जाएगा।

ग. कम्प्यूटर आधारित परीक्षण वस्तुपरक होंगें जिनमें से अंक कटेंगे नहीं। इसके दो भाग होंगे।

I. **सामान्य कौशल** जिसमें अंग्रेजी भाषा, परिमाणात्मक कौशल परीक्षण, बौद्धिक सामर्थ्य परीक्षण शामिल होंगे।

II. आवेदन किए गए पद के लिए अर्हता डिग्री / शैक्षिक पृष्ठभूमि से संबंधित प्रश्नों का आवश्यक **तकनीकी / व्यावसायिक ज्ञान** होना चाहिए।

घ. कम्प्यूटर आधारित परीक्षण में अर्हक उम्मीदवारों को मेरिट के क्रम में और पूर्वनिर्धारित अनुपात में आगे विचार करने के लिए उम्मीदवारी का दावा करने वाले सपोर्टिंग दस्तावेजों को अपलोड करने के लिए कहा जाएगा।

ङ. आवेदन की जाँच, अपलोड किए गए दस्तावेजों और कम्प्यूटर आधारित परीक्षण में श्रेणी अनुसार और विधा अनुसार मेरिट सूची के आधार पर अर्हक उम्मीदवारों को समूह कार्य और व्यक्तिगत साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा।

च. अगली चयन प्रक्रिया में विचार किए जाने के लिए उम्मीदवारों को प्रत्येक चरण में न्यूनतम अर्हक अंक प्राप्त करना होगा अर्थात् कम्प्यूटर आधारित परीक्षण, समूह कार्य और व्यक्तिगत साक्षात्कार।
श्रेणी और विधा अनुसार उन सभी उम्मीदवारों की मेरिट सूची आहरित की जाएगी जिन्होंने हर चरण में अर्हता प्राप्त की हो । कम्प्यूटर आधारित परीक्षण + समूह कार्य + व्यक्तिगत साक्षात्कार + और श्रेणी तथा विधा अनुसार ।

1. **कम्प्यूटर आधारित परीक्षण (85% भारिता)**

- डोमेन सेक्शन में न्यूनतम अर्हता अंक - 50% सभी श्रेणियों के लिए
- सब मिला के न्यूनतम अर्हक अंक (अर्थात् सामान्य योग्यता + तकनीकी) - 60% अनारक्षित/ आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग और 54% अजा/अजजा/ पीडब्ल्यूबीडी / अपिजाएनसी के लिए।

2. **समूह कार्य (5% भारिता)**

न्यूनतम अर्हता अंक - 40% अनारक्षित / आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए और 33.33% अजा/अजजा/ पीडब्ल्यूबीडी / अपिजाएनसी के लिए।

3. **व्यक्तिगत साक्षात्कार (10% भारिता)**

- न्यूनतम अर्हता अंक - 40% अनारक्षित / आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए और 33.33% अजा/अजजा/ पीडब्ल्यूबीडी / अपिजाएनसी के लिए।

4. **अंतिम अंक**

- न्यूनतम अर्हता अंक - 60% अनारक्षित / आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए और 54% अजा/अजजा/ पीडब्ल्यूबीडी / अपिजाएनसी के लिए कम्प्यूटर आधारित परीक्षण + समूह कार्य + व्यक्तिगत साक्षात्कार में संयुक्त अंक।

4. परिलब्धियाँ

वेतन ग्रेड	वेतनमान*	कंपनी का खर्च (सीटीसी) लगभग
ई 2	₹50000-₹160000	15.17 लाख

* उम्मीदवार को प्रारंभिक वेतनमान में लिया जाएगा।

टिप्पणी :- उल्लिखित सीटीसी वेतन ग्रेड के न्यूनतम पर परिगणित किया गया है जिसमें मूल वेतन, सेवानिवृत्ति लाभ, महंगाई भत्ता, मकान किराया भत्ता और कफेटेरिया भत्ता शामिल है। इसमें निष्पादन संबंधी वेतन (अधिकतम पर परिगणित) भी शामिल है जो अनेक कारकों पर निर्भर है और कॉर्पोरेशन की पालिसी के अनुसार देय होता है। उल्लेखनीय है कि अलग होने / सेवानिवृत्ति पर उस समय अभिभावी कॉर्पोरेशन की पालिसी के अनुसार सेवानिवृत्ति लाभ देय होगा। सीटीसी मेट्रो शहरों में तैनात उम्मीदवारों के लिए है जो दूसरे कार्यस्थलों पर अलग हो सकती है।

5. नियुक्ति पूर्व चिकित्सा जाँच

कंपनी द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार उम्मीदवारों के चिकित्सा के आधार पर उपयुक्त पाए जाने पर उपर्युक्त पदों पर नियुक्ति की जाएगी। संक्षिप्त सूची के उम्मीदवारों को एचपीसीएल नामित नामिकाबद्ध अस्पतालों में नियुक्ति पूर्व चिकित्सा जाँच करानी होगी। चिकित्सा जाँच का अर्थ अंतिम चयन नहीं माना जाएगा।

6. नियोजन / तैनाती

नियोजन / तैनाती कॉर्पोरेशन के किसी भी एसबीयू / डिविजन / विभाग में देश में किसी भी स्थान पर की जा सकती है और उसके बाद कारपोरेशन की आवश्यकता के अनुसार सेवाएँ स्थानांतरित की जा सकती हैं। इन पदों पर पालियों

में कार्य करना होगा। चुने हुए उम्मीदवारों को किसी भी सहायक कंपनी / संयुक्त उद्यम या भारत सरकार के किसी भी विभाग में या विदेश में तैनात किया जा सकता है।

7. परिवीक्षा और अवधारण

परिवीक्षा : चुने हुए अधिकारी पद ग्रहण करने की तारीख से एक वर्ष तक परिवीक्षा पर रहेंगे। परिवीक्षा अवधि के सफलतापूर्वक पूर्ण होने पर कंपनी की पालिसी के अनुसार अधिकारी की संपुष्टि पर विचार किया जाएगा।

अवधारण राशि : परिवीक्षा अवधि के पहले छ महीनों में कुल परिलब्धियों में से 5000 रू. मासिक अवधारण राशि के रूप में काटा जाएगा। अधिकारी की संपुष्टि के बाद यह राशि अधिकारी को वापस कर दी जाएगी। यदि कर्मचारी कॉर्पोरेशन छोड़ता है या संपुष्टि के पहले सेवा से बर्खास्त किया जाता है तो अवधारण राशि जब्त कर ली जाएगी।

8. आरक्षण, रियायत और छूट

क. अजा, अजजा, अपिजाएनसी, आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग और पीडब्ल्यूडी (बेंचमार्क अपंगता वाले व्यक्ति - जिनकी अपंगता 40% या उससे अधिक हो) के लिए आरक्षण सरकारी निदेशों के अनुसार है।

ख. अजा / अजजा / अपिजाएनसी के रूप में आरक्षण चाहने वाले उम्मीदवारों के लिए भारत सरकार के अंतर्गत नियुक्ति के लिए पदनामित प्राधिकारी से निर्धारित प्रपत्र में (प्रपत्र एचपीसीएल की वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है) प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा जिसमें उम्मीदवार की जाति, अधिनियम/ आदेश जिसके अंतर्गत जाति को अजा/अजजा/अपिजाएनसी के रूप में मान्यताप्राप्त है और गांव / नगर जहाँ का उम्मीदवार निवासी हो स्पष्ट रूप से इंगित हो । उन्हें यह भी सुनिश्चित करना होगा कि उनकी जाति / समुदाय का नाम समय-समय पर (अपिजाएनसी श्रेणी की जातियाँ केंद्रीय सूची में भारत सरकार द्वारा मान्यताप्राप्त अपिजा जातियों के रूप में http://www.ncbc.nic.in साइट पर उपलब्ध हैं, प्रत्येक राज्य के अजजा की सूची www.ncst.nic.in साइट पर उपलब्ध है, और अजा श्रेणी की सूची साइट पर http://www.socialjustice.nic.in उपलब्ध है) केंद्र सरकार द्वारा अधिसूचित सूचियों में यथा उल्लिखित इसकी वर्तनी उनके नाम / समुदाय के प्रमाणपत्र में ठीक वैसा ही हो। जाति के नाम में किसी प्रकार का अंतर होने पर प्रमाणपत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा। इसके अलावा, अपिजा प्रमाणपत्र में स्पष्ट रूप से यह भी उल्लेख होना चाहिए कि उम्मीदवार केंद्र सरकार के अंतर्गत पदों और सेवाओं के लिए आवेदन करने के लिए भारत सरकार द्वारा यथा परिभाषित क्रीमी लेयर का व्यक्ति न हो।

ग. किसी उम्मीदवार के अपिजा का दावा उस राज्य (या राज्य के भाग) के संबंध में निर्धारित किया जाएगा जहाँ के उसके पिता मूल निवासी हों। कोई उम्मीदवार यदि एक राज्य (या राज्य के भाग) से दूसरे राज्य में स्थानांतरित हुआ हो तो उसे वह प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा जो प्रमाणपत्र उसके पिता के अपिजा प्रमाणपत्र के आधार पर जारी किया गया हो जिस राज्य के वे मूल निवासी हों।

घ. यदि कोई व्यक्ति पीडब्ल्यूबीडी आरक्षण का छूट प्राप्त मानक लेना चाहता हो तो उसे आरपीडब्ल्यूडी अधिनियम, 2016 में यथा निर्धारित सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा। इसके अलावा, सामाजिक न्याय और सशक्तीकरण मंत्रालय द्वारा अधिसूचना संख्या:38-16/2020-डीडी-III-डीटी.04/01/2021 के अनुसार इस भर्ती अभियान में जिन पदों / अनुशासनों के लिए आवेदन करने हेतु पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवार अर्हक हैं उनकी सूची रिक्तियों के सामने दी गई है। ड्यूटी के स्वरूप और कार्य के उत्तरदायित्व, लोकेशन, खतरा, तनाव एवं अन्य कारकों को ध्यान में रखते हुए और यह भी देखते हुए कि पद के दायित्व के निष्पादन में युक्तिसंगत कुशलता और उसके स्वास्थ्य में बिना संभव गिरावट के हस्तक्षेप करने की स्थिति नहीं है, इन रिक्तियों में पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवारों को नियुक्ति का ऑफर दिया जाएगा। चिन्हित पद के कार्य की रूपरेखा के संबंध में उम्मीदवार के चिकित्सीय उपयुक्तता के आधार पर अंतिम नियुक्ति की जाएगी।

ङ. आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए आरक्षण लेने के संबंध में शर्तों और प्रमाणपत्र का प्रारूप कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के कार्यालय ज्ञापन सं.36039/1/2019-ईस्ट (रेस) दिनांक 31/01/2019 के अनुसार किया जाएगा।

च. अजा और अजजा अम्मीदवारों के लिए अधिकतम आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट, अपिजाएनसी के लिए 3 वर्षों की, पीडबल्यूबीडी (अनारक्षित) के लिए 10 वर्ष, पीडबल्यूबीडी (अपिजाएनसी) के लिए 13 वर्ष और पीडबल्यूबीडी (अजा/अजजा) के लिए 15 वर्ष की छूट दी गई है।

छ. जम्मू और काश्मीर में 01.01.1980 और 31.12.1989 के बीच रहने वाले लोगों के लिए अधिकतम आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट दी गई है।

ज. सशस्त्र सेवा बल में कम से कम 5 वर्ष की सेवा करने वाले और भारत सरकार द्वारा निर्धारित अन्य शर्तों को पूरा करने पर भूतपूर्व सैनिकों और कमीशन्ड अधिकारियों (ईसीओ/ एसएससीओ सहित) के लिए अधिकतम 5 वर्ष की छूट लागू है।

झ. जो अपिजा उम्मीदवार "क्रीमी लेयर" में आते हैं वे अपिजाएनसी उम्मीदवारों के लिए मिलने वाली छूट के हकदार नहीं हैं और ऐसे उम्मीदवारों को अपनी श्रेणी अनारक्षित (यूआर) इंगित करनी होगी।

ञ. इसके अलावा व्यक्तिगत साक्षात्कार के समय, यदि उन्हें बुलाया गया तो अपिजाएनसी उम्मीदवारों को कार्मिक एवं प्रशिक्षण मंत्रालय के का.ज्ञा.सं.36012/22/93-एक्सटीटी.(एससीटी) दिनांक 08.09.1993 के अनुसार एक स्व: वचननामा देना होगा कि वे अपिजाएनसी में आते हैं।

ट. मूल्यांकन / चयन, कम्प्यूटर आधारित परीक्षण,समूह कार्य, व्यक्तिगत साक्षात्कार और समग्र रूप (परीक्षण,समूह कार्य और यथाप्रयोज्य व्यक्तिगत साक्षात्कार) से अजा / अजजा / अपिजाएनसी / पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवारों को मानकों में छूट दी जाएगी।

ठ. यदि अजा/अजजा/अपिजाएनसी/पीडब्ल्यूबीडी प्रमाणपत्र अंग्रेजी / हिन्दी के अलावा किसी अन्य भाषा में जारी किया गया हो तो उम्मीदवारों को अंग्रेजी या हिंदी में उसकी स्वतः प्रमाणित अनूदित प्रति प्रस्तुत करनी होगी।

ड. ऑनलाइन आवेदन करने के बाद श्रेणी में किसी प्रकार का बदलाव करने के अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा और तदनुसार लागू रियायत / छूट नहीं दी जाएगी।

ढ. जिन प्रशिक्षुओं ने कॉर्पोरेशन में प्रशिक्षु प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा किया हो उन्हें भर्ती मानदंडों में छूट / वरीयता दी जाएगी। यह छूट दो चरणों में दी जाएगी अर्थात् (i) उम्मीदवार (स्नातक प्रशिक्षु प्रशिक्षार्थी) की अर्हता की गणना करते समय उस हद तक आयु के संबंध में छूट दी जाएगी जितनी संबंधित आवेदक स्नातक प्रशिक्षु प्रशिक्षार्थी कॉर्पोरेशन के किसी स्थापना में किया हो जो एक वर्ष से अधिक नहीं होगा और (ii) तदनुसार 5% अतिरिक्त अंक दिए जाएंगे जितना प्रशिक्षु कम्प्यूटर आधारित परीक्षण में प्राप्त करता है और प्रशिक्षु द्वारा कम्प्यूटर आधारित परीक्षण में प्राप्त कृपांक चयन की अगले चरण में उम्मीदवार को संक्षिप्त सूची में चयन के लिए गणना में लिया जाएगा।

9. आवेदन की प्रक्रिया

क. ऑनलाइन आवेदन 3 मार्च, 2021 को दोपहर 12.00 बजे से 15 अप्रैल, 2021 को 2359 बजे तक स्वीकार किया जाएगा।

ख. उम्मीदवारों से अनुरोध है कि विस्तृत विज्ञापन पढ़ने के बाद www.hindustanpetroleum.com Careers→ Current Openings पर केवल ऑनलाइन आवेदन करें। आवेदन का अन्य माध्यम/ तरीका स्वीकार नहीं किया जाएगा।

ग. अपूर्ण / गलत जानकारी वाले या जो निर्धारित प्रपत्र में न हों ऐसे आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

घ. ऑनलाइन आवेदन में दिए गए ई-मेल और मोबाइल नंबर कम से कम एक वर्ष तक वैध रहने चाहिए। उम्मीदवारों को अपने नाम का निर्मित किया गया उपयुक्त ई-मेल प्रयुक्त करना चाहिए। मिथ्या नाम / झूठे नाम पर बनाया गया ई-मेल विधि के अंतर्गत उपयुक्त कार्रवाई का पात्र होगा।

ङ. ऑनलाइन फार्म में दिए गए सभी विवरण अंतिम होंगें और किसी प्रकार के परिवर्तन पर विचार नहीं किया जाएगा।

च. किसी भी कारण से आवेदन शुल्क के साथ उम्मीदवार द्वारा पूरा भरा हुआ आवेदन प्रस्तुत न करने पर उसकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी और इसके आगे कोई पत्राचार / विचार नहीं किया जाएगा।

छ. एचपीसीएल द्वारा यथा सूचित निर्धारित समय के भीतर उम्मीदवारों को संक्षिप्त सूची / चयन प्रक्रिया के दौरान अर्हता का दस्तावेजी साक्ष्य प्रस्तुत करना होगा । नाम,योग्यता, दस्तावेजों की अन्य कसौटियों में आवेदन में दिए गए आँकड़े से मेल न खाने पर किसी भी चरण में आवेदन निरस्त किया जा सकता है।

10. आवेदन शुल्क

क. सभी इंजीनियरी पदों के लिए आवेदन शुल्क लागू होगा।

ख. अजा, अजजा और पीडब्ल्यूडी के उम्मीदवारों को शुल्क के भुगतान से छूट प्राप्त है।

ग. अनारक्षित, अपिजाएनसी और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के उम्मीदवारों को ₹1180/- + पेमेंट गेटवे प्रभार यदि कोई हो का भुगतान करना होगा जो वापस नहीं किया जाएगा। (₹1000/- आवेदन शुल्क + जीएसटी @18% अर्थात् ₹180/- + पेमेंट गेटवे प्रभार यदि लागू हो)

घ. भुगतान का तरीका: डेबिट / क्रेडिट कार्ड / यूपीआई / नेट बैंकिंग: ऑनलाइन आवेदन शुल्क जमा करने पर सफलतापूर्वक शुल्क मिलने पर भुगतान का स्टेटस बदल कर "योर ट्रांसैक्शन इज सक्केसफुल्ली कंप्लीटेड", हो जाएगा।

ङ. सभी उम्मीदवार यह सुनिश्चित करें कि भुगतान का स्टेटस "कंप्लीटेड" हो क्योंकि किसी अन्य भुगतान स्टेटस के मामले में भुगतान "इंकम्लीट" माना जाएगा। एक बार भुगतान हो जाने पर उम्मीदवारों को भुगतान की पावती का प्रिंटआउट लेना होगा और भविष्य के संदर्भ के लिए इसे संभाल कर रखना होगा।

च. उपर्युक्त उल्लिखित तरीकों के अलावा भुगतान का कोई अन्य तरीका स्वीकार्य नहीं होगा।

छ. एक बार भुगतान किया गया आवेदन शुल्क किसी भी स्थिति में वापस नहीं किया जाएगा।

11. सामान्य अनुदेश

क. केवल भारतीय नागरिक ही आवेदन के पात्र हैं।

ख. आयु और अन्य सभी अर्हक कसौटियों के लिए 3 मार्च, 2021 अंतिम तारीख होगी।

ग. **"पद का नाम - आवेदन संख्या"** विषय के रूप में देते हुए अपने प्रश्न ई-मेल से careers@hpcl.in पर भेजें।

घ. सभी योग्यताएँ एआईसीटीई अनुमोदित / विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय / माने गए विश्वविद्यलय से पूर्णकालिक नियमित पाठ्यक्रम होने चाहिए। स्वायत्तशासी संस्थानों द्वारा ऑफर किए जाने वाले पाठ्यक्रम भारतीय विश्वविद्यालय संघ (एआईयू/यूजीसी/एआईसीटीई) द्वारा अनुमोदित / मान्यताप्राप्त संबंधित पाठ्यक्रम के समतुल्य होने चाहिए।

ङ. उम्मीदवारों को कम्प्यूटर आधारित परीक्षण के लिए प्रवेश पत्र, साक्षात्कार के लिए बुलावा पत्र आदि की हार्ड कापी नहीं भेजी जाएगी। उम्मीदवारों को इसे एचपीसीएल की वेबसाइट से डाउनलोड करना होगा।

च. रिक्तियों की कुल संख्या और आरक्षित रिक्तियाँ अनंतिम हैं और वास्तविक आवश्यकता के आधार पर कॉर्पोरेशन के विवेक पर घट / बढ़ सकती हैं। एचपीसीएल को चयन के किसी भी स्टेज पर उपर्युक्त विज्ञापित किसी भी पद को न भरने का अधिकार सुरक्षित है।

छ. सभी उम्मीदवारों से अनुरोध है कि हमारी वेबसाइट www.hindustanpetroleum.com पर जाकर चयन के संबंध में हर बात की जानकारी अद्यतन रखें। उम्मीदवार कृपया ध्यान दें कि भर्ती अभियान के दौरान अत्यंत आवश्यक होने को छोड़कर एचपीसीएल के किसी भी पदधारी से व्यक्तिगत रूप से फोन करना और / या बातचीत करना मना है।

ज. अवैध / गलत ई-मेल आईडी या संपर्क नंबर गलत देने के कारण भेजे गए ई-मेल / भेजे गए किसी अन्य पत्र के गुम हो जाने / उसकी डिलिवरी न होने के लिए एचपीसीएल उत्तरदायी नहीं होगा।

झ. उस क्षेत्र / केंद्र के प्रतिसाद पर किसी भी परीक्षा केंद्र / व्यक्तिगत साक्षात्कार को रद्द करने या किसी को जोड़ने का अधिकार एचपीसीएल के पास सुरक्षित रहेगा।

ञ. कॉर्पोरेशन को बिना किसी सूचना और बिना कोई कारण बताए भर्ती प्रक्रिया और / या चयन प्रक्रिया को रद्द करने / प्रतिबंधित करने / कम करने / अधिक करने का भी अधिकार सुरक्षित होगा।

ट. उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि वे केवल एक आवेदन प्रस्तुत करें। यदि कोई उम्मीदवार कई आवेदन प्रस्तुत करता है तो आखिरी आवेदन को अंतिम आवेदन माना जाएगा और पहले के आवेदनों को बिना किसी नोटिस के अस्वीकार कर दिया जाएगा।

ठ. सरकारी विभागों / सार्वजनकि क्षेत्र के उपक्रमों / सरकारी स्वायत्तशासी निकायों में वर्तमान में कार्य करने वाले उम्मीदवारों को उपयुक्त प्रक्रिया के माध्यम से अपना आवेदन प्रस्तुत करना चाहिए। समूह कार्य और व्यक्तिगत साक्षात्कार के समय वे अनापत्ति प्रमाणपत्र प्रस्तुत करें ऐसा न करने पर उन्हें समूह कार्य और व्यक्तिगत साक्षात्कार प्रक्रिया में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जाएगी और उनकी उम्मीदवारी पर विचार नहीं किया जाएगा।

ड. उम्मीदवारों (केवल अंतिम वर्ष के डिग्री के विद्योर्थियों को छोड़ कर) के पास आवेदन करते समय सभी प्रयोज्य डिग्री प्रमाणपत्र और अंकतालिका होनी चाहिए।

ढ. सभी आवेदकों को विज्ञापन में दिए गए पद के लिए निर्धारित आवश्यक अपेक्षाओं और अन्य शर्तों को पूरा करना होगा। आवेदन करने के पहले उन्हें खुद संतुष्ट होना होगा। अर्हता के संबंध में मे पूछी गई किसी भी जानकारी पर विचार नहीं किया जाएगा।

ण. साक्षात्कार में उपस्थित होने के लिए बाहर (आउटस्टेशन) के अजा, अजजा और पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवारों को सबसे कम दूरी का द्वितीय श्रेणी का एसी का किराया और सभी उम्मीदवारों को एसी तृतीय श्रेणी का किराए की प्रतिपूर्ति की जाएगी बशर्ते तय की गई दूरी 30 किमी से कम न हो। डाक पते के नजदीकी परीक्षा केंद्र के अलावा अन्य केंद्रों का चयन करने वाले उम्मीदवारों को यात्रा किराए की प्रतिपूर्ति नहीं की जाएगी। उम्मीदवारों को एचपीसीएल की वेबसाइट पर दिया गया यात्रा भत्ता फार्म भरना होगा और की गई यात्रा के लिए यात्रा के प्रमाण के साथ इसे प्रस्तुत / अपलोड करना होगा । यात्र भत्ता ऑनलाइन संसाधित किया जाएगा। केंद्र / राज्य सरकार की सेवाओं / सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में कार्यरत उम्मीदवारों को यात्रा भत्ता की प्रतिपूर्ति नहीं की जाएगी।

गलत / झूठी जानकारी देने पर अयोग्यता मानी जाएगी और एचपीसीएल ऐसी गलत / झूठी जानकारी देने पर उसके परिणाम के लिए उत्तरदायी नहीं होगा। चूँकि सभी आवेदन बिना किसी दस्तावेजी प्रमाण के स्क्रीन किए जाएंगे। अतएव उम्मीदवारों को जिस पद के लिए आवेदन कर रहे हैं उसकी उपयुक्तता के लिए खुद संतुष्ट होना होगा। यदि भर्ती के दौरान किसी भी चरण में यह पाया गया कि उम्मीदवार ने गलत या झूठी जानकारी दी है या किसी भी अर्हक पैरामीटर में अयोग्य पाया जाता है तो उसकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी। नियुक्ति के बाद भी यदि अर्हता के पैरामीटरों के संबंध में कोई विसंगति पायी जाती है, गलत सूचना प्रस्तुत करने का दोषी पाया जाता है / जानकारी मिलती है और या किसी सूचना को छिपाया जाता है तो बिना किसी नोटिस के उसकी सेवाएँ बर्खास्त की जाएँगीं। भर्ती प्रक्रिया के दौरान किसी भी चरण में कैन्वासिंग से उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी।

किसी विवाद के लिए न्यायालय का अधिकार क्षेत्र मुंबई होगा।

सामान्य जनता को एतद्वारा सूचित किया जाता है कि सभी आवेदन हमारे ऑनलाइन पोर्टल पर स्वीकार किए जाते हैं और किसी एजेंसी / किसी व्यक्ति को आउटसोर्स नहीं किया गया है। आवेदकों को सूचित किया जाता है कि वे ऐसी धोखेबाज एजेंसियों से सावधान रहें।

किसी भी नियम और शर्तों के व्याख्या के सवाल पर अँग्रेजी संस्करण मान्य होगा एवं निगम का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होगा।

अगला कोई शुद्धिपत्र / परिशिष्ट हमारी अपनी वेबसाइट www.hindustanpetroleum.com पर अपलोड किया जाएगा।